Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# पिछले 24 घंटे में मिले 630 संक्रमित, तीन मरीजों की हुई मौत

**अर्लट**

## दून में 268 संक्रमित मिले, अब तक 347098 लोग हुए स्वस्थ

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटों में प्रदेश के 13 जिलों में 630 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। वहीं तीन मरीजों की मौत हुई है। जिसमें देहरादून जिले में 268 संक्रमित मिले हैं। इन्हें मिलाकर अब तक 347098 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

हरिद्वार में 119, नैनीताल में 85, पौड़ी में 72, ऊधमसिंह नगर में 35, बागेश्वर में एक, अल्मोड़ा में 18, चमोली में पांच, टिहरी में चार, चंपावत में आठ, पिथौरागढ़ में चार और उत्तरकाशी जिले में 11 जिले में एक संक्रमित मिले हैं। जबकि 128 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। प्रदेश की रिकवरी दर 96 प्रतिशत घट कर 95.58 प्रतिशत हो गई है। वहीं, सैंपल जांच के आधार पर संक्रमण दर 3.74 प्रतिशत पहुंच गई है।

**कोरोना की चपेट में आने लगे**

**कांटेक्ट ट्रेसिंग में कोताही न बरतें**

जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सैंपलिंग बढ़ाई जाए। अधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। वर्चुअल बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए संक्रमितों की जल्द पहचान करना जरूरी है। यह तभी संभव है, जब सैंपलिंग बढ़ाई जाए और उनकी शीघ्र जांच की जाए। जो व्यक्ति संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनकी सघन कांटेक्ट ट्रेसिंग कर यात्रा का पूरा विवरण दर्ज किया जाए।

**हेल्थ केयर वर्करः** उत्तराखंड में भी कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर का असर दिखने लगा है। राज्य में लगातार संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। अब हेल्थ केयर वर्कर भी कोरोना की चपेट में आने लगे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में दो डॉक्टर सहित पांच लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। वहीं नैनीताल में सात लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

नैनीताल में बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. केएस धामी के मुताबिक नैनीताल में सात लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। तीन दिन पहले इनकी जांच हुई थी। सभी को होम आइसोलेट किया गया है और उनके संपर्क में आए लोगों को भी चिन्हित कर उनकी जांच कराई जा रही है।

**दून में डाक्टर, दून अस्पताल के चार लैब तकनीशियन पॉजिटिव**

दून जिले में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल (कोरोनेशन) के एक ईएमओ और राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चार लैब तकनीशियन की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप है। जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. शिखा जंगपांगी और दून अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. एनएस खत्री का कहना है कि चिकित्सक व लैब तकनीशियनों के संपर्क में आए अन्य डॉक्टर एवं कर्मचारियों की भी जांच की जा रही है। सभी की हालत सामान्य है। बहुत हल्के लक्षण उन्हें हैं।

**दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जनरल सर्जरी रोकीः** कोरोना के बढ़ते प्रसार को देखते हुए राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जनरल सर्जरी रोक दी गई है। अधिकारियों द्वारा फ्लू, खांसी, जुकाम और कोरोना से मिलते जुलते लक्षण वाले मरीजों को ठोस निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज डायरी

### शक्तिमान घोड़े के केस में 28 फरवरी तक जवाब पेश करे सरकारः हाईकोर्ट

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने पुलिस के शक्तिमान घोड़े के केस में सीजेएम कोर्ट देहरादून से बरी हुए पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा इस सम्बंध में केस की समस्त पत्रावली याचिकाकर्ता को दिलाए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की एकलपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए सरकार से 28 फरवरी तक जवाब पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। पिथौरागढ़ निवासी पूर्व सैनिक होशियार सिंह बिष्ट ने याचिका दायर कर कहा है कि 14 मार्च 2016 को विधान सभा सत्र के दौरान भाजपा का धरना था। पुलिस ने इन लोगो को रिस्पना नदी पर रोक लिया था। इस समय यहां पर घुड़सवार पुलिस भी मौजूद थी।

### चुनाव में आचार संहिता का हो पालनः एसडीएम

**संवाददाता** बाजपुर। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्था को दुरुस्त करना प्रारंभ कर दिया है। गुरुवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व तहसीलदार राजेंद्र सनवाल ने तहसील सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए आगामी दिनों में लगने जा रही आदर्श चुनाव आचार संहिता का शत–प्रतिशत पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। इसका उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। शहरी क्षेत्र में चार व ग्रामीण क्षेत्र में दो बूथ से ज्यादा एक स्थान (बूथ के लिए चयनित स्कूल अथवा कोई अन्य सरकारी भवन) पर नहीं बनाने हैं।

### ओप्पो का नया लॉन्च एन्को एम32 नॉन–स्टॉप म्यूजिक प्लेबैक प्रदान करेंगे

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के अग्रणी स्मार्ट डिवाईस ब्रांड ओप्पो ने आज ओप्पो एन्को एम32 के बाजार में उपलब्ध होने की घोषणा की यह वायरलेस नेकबैंड आपको 10 मिनट के चार्ज में ही 20 घंटों का प्लेबैक प्रदान करेगा केवल 35 मिनट के फ्लैश चार्ज के बाद आप 28 घंटों तक इसका इस्तेमाल कर सकेंगे ओप्पो एन्को एमेजॉन एवं ओप्पो स्टोर पर 10 जनवरी से मिलना शुरू होगा 12 जनवरी 2022 तक अरली बर्ड डिस्काउंट के बाद इसका मूल्य गिरकर 1,499 रु. रहेगा लॉन्च के बारे में दमयंत सिंह खनोरिया चीफ मार्केटिंग ऑफिसर ओप्पो इंडिया ने कहा ओप्पो में हम अपने विकसित उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं ओप्पो एन्को एम32 वायरलेस नेकबैंड हमारे निरंतर प्रयासों का फल है।

## सरकार ने पीछे खींचे कदम, अब तीन घंटा चलेंगे प्राथमिक स्कूल

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में कोरोना संक्रमण खासतौर पर ओमिक्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए सरकार को कदम पीछे खींचने पड़े हैं। राज्य में कक्षा एक से पांचवीं तक संचालित हो रहे सभी सरकारी और निजी प्राथमिक स्कूल फिर से सिर्फ तीन घंटा संचालित होंगे।

गुरुवार को शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर बीते रोज पूरे समय स्कूल खोलने के आदेश को स्थगित किया है। दरअसल प्रदेश में कोरोना संक्रमण में तेजी से वृद्धि होने लगी है। इसके बावजूद बीते रोज शासनादेश जारी कर प्रदेश में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एक से पांचवीं तक कक्षाएं पूरे समय संचालित करने के आदेश जारी किए गए थे। दरअसल शासन ने यह कदम प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के अनुरोध पर उठाया था। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने 27 नवंबर को पत्र भेजकर प्राथमिक स्कूलों की पढ़ाई का समय बढ़ाने की पैरवी की थी। नवंबर में कोरोना संक्रमण को लेकर हालात स्थिर और नियंत्रण में थे।

प्राथमिक स्कूलों और शिक्षकों की ओर से पूरे समय स्कूल खोलने की पैरवी की जा रही थी। इससे पहले शासन ने 18 सितंबर को प्राथमिक स्कूलों के लिए जारी कोविड–19 गाइडलाइन में उन्हें तीन घंटा संचालित करने के निर्देश दिए थे। शासन ने बीते रोज जारी आदेश को 24 घंटे बाद ही स्थगित कर 18 सितंबर से लागू व्यवस्था बहाल कर दी।



सीएम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर किया स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

## कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कांग्रेसियों और भाजयुमो कार्यकर्ताओं में नोकझोंक

**संवाददाता** देहरादून। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा लापरवाही के मामले में देहरादून में भाजयुमो ने उग्र प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का पुतला दहन किया। वहीं कांग्रेस ने भी केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या कार्यकर्ता राजपुर रोड पर पहुंचे( जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता पुलिस के



बैरिकेड तोड़कर कांग्रेस मुख्यालय के गेट पर पहुंच गए। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं और कांग्रेसियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। टकराव की स्थिति देख पुलिस बड़ी मुश्किल से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एस्ले हॉल चौक की ओर ले गई।

भाजपा युवा मोर्चा ने एस्ले हॉल चौक पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का पुतला दहन किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यालय के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।

इस मामले में मसूरी और हरिद्वार में भी पुतला दहन किया गया। हल्द्वानी के कालाढूंगी चौराहे पर भी भाजपाईयों ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का पुतला दहन किया। मसूरी में शहीद भगत सिंह चौक पर भाजपा ने पंजाब सरकार का फूंका पुतला। भाजपाईयों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया।

### मोदी व धामी में होड़ लगी है कौन कितना ज्यादा वादा करता हैः हरदा

**संवाददाता** काशीपुर। उत्तराखंड के ठंड में सियासी रैली से महौल गर्म हो रहा है। हाईकमान से अभय पाकर पूर्व सीएम हरीश रावत खुलकर भाजपा पर हमला बोल रहे हैं। गुरुवार को पूर्व सीएम रावत रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फलाई ओवर की एक मांग हमने स्वीकृत करा दी, लेकिन जिला बनाने की मांग पेंडिंग है। कांग्रेस की सरकार बनने पर दो साल के अंदर नये जिलों का सजृन किया जाएगा। बीजेपी सरकार चार साल तक कुछ नहीं किया। अब नौकरियों और वादों का पिटारा खोल रहे हैं। मोदी और धामी में कंप्टीशन हो रहा है कि कौन कितने ज्यादा वादे कर दे। उन्होंने काशीपुर जीतो का नारा देते हुए कहा कि ऐसा उत्तराखंड बनाना है, जिसमें समाज के सभी वर्ग सम्मान के साथ आगे बढ़ सकें। कोई विधायक यहां से नहीं जीते, लेकिन वह आधा दर्जन काम गिना सकते हैं। काशीपुर को कोटा की तर्ज पर कोचिंग हब बनाने बनाने के लिये प्रस्ताव दिया था।